Title: Need to provide financial assistance to Government of Madhya Pradesh for drought relief in the State-Laid.

डॉ0 लक्ष्मीनारायण पाण्डेय (मंदसौर): अध्यक्ष महोदय, इस र्वा जहां विभिन्न प्रदेशों में औसत से भी कम र्वाा हुयी है, वहीं मध्य प्रदेश जो पिछले तीन र्वाों से र्वाा की कमी के कारण सूखे की चपेट में है। उसके कई जिलों में इस र्वा भी औसत से बहुत कम र्वाा हुयी है और स्थिति यह बनी है कि उन जिलों में अभी से जल संकट व्याप्त हो गया है। विगत र्वाों में र्वाा की कमी के कारण मध्य प्रदेश के रतलाम, मंदसौर और नीमच जिलों में जहां पानी का स्तर जमीन के नीचे 500-600 फीट तक चला गया है, वहीं वर्तमान में इस स्तर में तेजी से गिरावट आने के कारण आशंका है कि इस र्वा ये स्तर एक हजार फीट से नीचे चला जायेगा। केन्द्र सरकार द्वारा जो भी धनराशि इस हेतु प्रदेश सरकार को उपलब्ध करायी गयी, उसका भी समुचित उपयोग प्रदेश सरकार द्वारा नहीं किया गया। जल संकट से प्रभावित रतलाम, मंदसौर व नीमच जिलों में जहां पिछले र्वा भयंकर सूखे की स्थिति से ऐसा प्रतीत होता है कि इस र्वा भी ये जिले पुनः सूखे से प्रभावित रहेंगे।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि उपरोक्त जिलों में जल संकट एवं सूखे की स्थिति से निपटने के लिए त्वरित कार्यवाही करते हुए राज्य सरकार को निर्देशित करें कि वह उपरोक्त प्रभावित क्षेत्रों में आसन्न संकट को देखते हुए युद्ध स्तर पर कार्यवाही करें तथा उसके लिए राज्य को पर्याप्त धनराशि उपलब्ध करायें।